महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ
मध्यप्रदेश शासन संस्कृति विभाग

# सम्राट विक्रमादित्य सम्मान

## नामांकन प्रपत्र भरने की मार्गदर्शिका

इस मार्गदर्शिका में प्रत्येक फ़ील्ड का विवरण, उदाहरण और सुझाव दिए गए हैं ताकि आप आसानी से और आत्मविश्वास के साथ नामांकन भर सकें।

| अंतिम तिथि | कुल चरण |
| --- | --- |
| **20 मई 2026** | **6 चरण** |

### ध्यान रखने योग्य बात

**तैयारी** फ़ॉर्म भरने से पहले सभी दस्तावेज़ (प्रमाण पत्र, फ़ोटो) तैयार रखें।

### विषय-सूची

| चरण | शीर्षक | विषय |
| --- | --- | --- |
| 01 | **मूल जानकारी** | नाम, पता, संपर्क विवरण |
| 02 | **कार्यक्षेत्र का विवरण** | क्षेत्र, अनुभव, उपलब्धियाँ |
| 03 | **पात्रता का मुख्य आधार** | हृदय से लिखा विवरण |
| 04 | **दस्तावेज़** | प्रमाण पत्र एवं फ़ाइलें |
| 05 | **नामांकनकर्ता विवरण** | अनुशंसाकर्ता की जानकारी |
| 06 | **घोषणा** | सहमति एवं डिजिटल हस्ताक्षर |

**चरण 01**

# मूल जानकारी

नाम, पता, संपर्क विवरण

## सम्मान का प्रकार

### सम्मान का प्रकार

अनिवार्य

तीन विकल्पों में से एक चुनें: अंतर्राष्ट्रीय (1 करोड़ 1 लाख रुपये), राष्ट्रीय (21 लाख रुपये), या शिखर सम्मान (5 लाख रुपये)। यदि आपका कार्य राष्ट्रीय स्तर पर प्रभावशाली है तो राष्ट्रीय सम्मान चुनें।

**उदाहरण** — राष्ट्रीय सम्मान (21 लाख रुपये)

### नामांकन का प्रकार

अनिवार्य

स्व-नामांकन यदि आप स्वयं के लिए भर रहे हैं। ‘अन्य’ यदि किसी अन्य व्यक्ति के लिए, और ‘संस्था’ यदि किसी संगठन के लिए नामांकन कर रहे हैं।

**उदाहरण** — स्व-नामांकन

## व्यक्तिगत / संस्थागत जानकारी

### प्रथम नाम / संस्था का नाम

अनिवार्य

व्यक्ति के लिए: आधार कार्ड या पासपोर्ट के अनुसार नाम।
संस्था के लिए: संस्था का पूरा आधिकारिक या पंजीकृत नाम।

**उदाहरण** — रमेश

### मध्य नाम

वैकल्पिक

यदि व्यक्ति का मध्य नाम हो तो भरें। संस्था होने पर इसे खाली छोड़ सकते हैं।

**उदाहरण** — कुमार

### अंतिम नाम / उपनाम

अनिवार्य

व्यक्ति के लिए: परिवार का नाम या सरनेम।

**उदाहरण** — शर्मा

### लिंग

अनिवार्य

पुरुष, महिला, या अन्य में से चुनें।

**उदाहरण** — पुरुष

### जन्म तिथि / स्थापना तिथि

अनिवार्य

व्यक्ति के लिए जन्म तिथि और संस्था के लिए स्थापना तिथि।।

**उदाहरण** — 15/08/1975

## संपर्क जानकारी

### मोबाइल नंबर

अनिवार्य

सक्रिय मोबाइल नंबर जिस पर संपर्क किया जा सके। देश कोड सहित भरें।

**उदाहरण** — +91 7428730894

### वैकल्पिक मोबाइल

वैकल्पिक

कोई दूसरा नंबर जिस पर भी संपर्क हो सके। भरना अनिवार्य नहीं है।

**उदाहरण** — +91 7428730894

### ईमेल पता

अनिवार्य

वह ईमेल जो आप नियमित रूप से देखते हों। सभी सूचनाएँ इसी पर भेजी जाएंगी।

**उदाहरण** — samratvikramadityasamman@gmail.com

### पसंदीदा भाषा

अनिवार्य

वह भाषा जिसमें आप संवाद करना पसंद करते हैं।

**उदाहरण** — हिंदी

## पता

### पूरा पता
अनिवार्य

पूरा डाक पता — मकान नंबर, गली, मोहल्ला और प्रमुख स्थान।

**उदाहरण** — मकान नंबर 12, गांधी नगर, नीलकंठ रोड के पास

### शहर
अनिवार्य

जिस शहर में आप निवास करते हैं या संस्था स्थित है।

**उदाहरण** — उज्जैन

### जिला
वैकल्पिक

केवल भारतीय नामांकनकर्ताओं के लिए।

**उदाहरण** — उज्जैन

### पिनकोड
अनिवार्य

6 अंकों का पोस्टल कोड। केवल अंक भरें।

**उदाहरण** — 456001

### राज्य
अनिवार्य

राज्य का पूरा नाम।

**उदाहरण** — मध्यप्रदेश

### देश
अनिवार्य

अपने देश का नाम।

**उदाहरण** — भारत

### राष्ट्रीयता
अनिवार्य

आपकी नागरिकता।

**उदाहरण** — भारतीय

**चरण 02**

# कार्यक्षेत्र का विवरण

क्षेत्र, अनुभव, उपलब्धियाँ

## कार्य संबंधी जानकारी

### कार्य का स्वरूप

अनिवार्य

यदि आप अकेले कार्य करते हैं तो 'व्यक्तिगत' चुनें, और यदि किसी संस्था या संगठन के माध्यम से कार्य कर रहे हैं तो 'संस्थागत' विकल्प का चयन करें।

**उदाहरण** — व्यक्तिगत / संस्थागत

### संस्था का नाम

वैकल्पिक

यदि आपने 'संस्थागत' विकल्प चुना है, तो यहाँ अपनी संस्था का पूरा पंजीकृत नाम लिखें। व्यक्तिगत आवेदकों के लिए यह अनिवार्य नहीं है।

**उदाहरण** — विक्रम शिक्षा फाउंडेशन

### पद / व्यवसाय

वैकल्पिक

आपका वर्तमान पद या कार्य। जैसे: अध्यक्ष, सचिव, संस्थापक, शिक्षक या समाजसेवी।

**उदाहरण** — संस्थापक एवं समाजसेवी

### श्रेणी / क्षेत्र

अनिवार्य

वह मुख्य क्षेत्र जिसमें आपका सबसे महत्वपूर्ण योगदान है।

**उदाहरण** — शिक्षा एवं साक्षरता

### उत्कृष्टता का क्षेत्र

अनिवार्य

श्रेणी के भीतर आपका विशिष्ट कार्यक्षेत्र। जितना विशिष्ट होगा उतना बेहतर।

**उदाहरण** — ग्रामीण बालिका शिक्षा

### योगदान के वर्ष

अनिवार्य

इस क्षेत्र में आप कितने वर्षों से सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं।

**उदाहरण** — 18 वर्ष

## प्रभाव एवं उपलब्धि

### प्रभाव स्तर

वैकल्पिक

आपके कार्य का प्रभाव किस स्तर पर है: जिला, राज्य, राष्ट्रीय या अंतर्राष्ट्रीय।

**उदाहरण** — राष्ट्रीय

### लाभार्थियों की संख्या

वैकल्पिक

अनुमानित संख्या — आपके कार्य से कितने लोगों को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से लाभ हुआ।

**उदाहरण** — 12,000 से अधिक

### कार्यक्षेत्र का विवरण

वैकल्पिक

अपनी कार्ययात्रा का संक्षिप्त विवरण — क्या किया, कहाँ किया, कितने लोगों तक पहुँचे।

**उदाहरण** — पिछले 18 वर्षों से मध्यप्रदेश के 5 जिलों में 200 से अधिक विद्यालयों में निःशुल्क शिक्षा अभियान चला रहे हैं।

### प्रमुख उपलब्धि

वैकल्पिक

प्रमुख उपलब्धियाँ। प्रत्येक अलग पंक्ति में लिखें।

**उदाहरण** — 2019 में 500 बालिकाओं को छात्रवृत्ति दिलवाई।

### प्राप्त पुरस्कार एवं सम्मान

वैकल्पिक

यदि पहले कोई पुरस्कार या सम्मान मिला हो तो उसका नाम और वर्ष लिखें।

**उदाहरण** — मध्यप्रदेश शिक्षा गौरव पुरस्कार, 2021

**नवाचार / विशिष्टता** वैकल्पिक

आपके कार्य की वह विशेषता जो दूसरों से अलग करती है — नई पद्धति, तकनीक या दृष्टिकोण।

**उदाहरण** — डिजिटल पाठशाला मॉडल जिसे 3 राज्यों ने अपनाया।

चरण 03

## पात्रता का मुख्य आधार

हृदय से लिखा विवरण

### मुख्य आधार

**सम्मान की पात्रता का मुख्य आधार** अनिवार्य

यह नामांकन का सबसे महत्वपूर्ण भाग है। यहाँ खुलकर और हृदय से बताएँ कि यह व्यक्ति या संस्था सम्राट विक्रमादित्य के किन आदर्शों को जीवंत करती है। योगदान, प्रभाव और विशिष्टता का विस्तृत विवरण दें।

**सुझाव**

- विक्रमादित्य के गुणों — न्याय, दानशीलता, शौर्य — से जोड़कर लिखें।
- संख्याओं और तथ्यों का उपयोग करें।
- कम से कम 200 शब्द लिखें; अधिक होने पर और अच्छा।
- सरल, स्पष्ट और हृदयस्पर्शी भाषा उपयोग करें।

**उदाहरण** — रमेश कुमार शर्मा पिछले 18 वर्षों से मध्यप्रदेश के आदिवासी अंचलों में नि:शुल्क शिक्षा का अभियान चला रहे हैं। उन्होंने 200 से अधिक विद्यालय स्थापित किए जिनसे 12,000 से अधिक बालिकाओं को शिक्षा मिली। उनका डिजिटल पाठशाला मॉडल तीन राज्यों में अपनाया जा चुका है।

**चरण 04**

# दस्तावेज़

प्रमाण पत्र एवं फ़ाइलें

## अपलोड करने योग्य दस्तावेज़

### फ़ोटोग्राफ़

वैकल्पिक

नामांकित व्यक्ति की स्पष्ट और हालिया फ़ोटो। यदि संस्था है, तो संस्था के लोगो या मुख्य कार्यालय की फ़ोटो अपलोड करें। (**जे.पी.जी** या **पी.एन.जी** प्रारूप में)

**उदाहरण** — नामांकित_फोटो

### कार्य का प्रमाण

अनिवार्य

यह सबसे महत्वपूर्ण दस्तावेज़ है। कार्य का प्रमाण पत्र, सरकारी पत्र, समाचार पत्रों की रिपोर्ट, या कोई भी साक्ष्य जो आपके सामाजिक योगदान को सिद्ध करे। (पी.डी.एफ या इमेज प्रारूप में)

**उदाहरण** — कार्य_प्रमाण_पत्र

### अनुशंसा पत्र

वैकल्पिक

किसी प्रतिष्ठित व्यक्ति, जनप्रतिनिधि या मान्य संस्था द्वारा जारी अनुशंसा पत्र। यह आपके नामांकन को अधिक प्रभावशाली बनाता है।

**उदाहरण** — अनुशंसा_पत्र

### मीडिया कवरेज

वैकल्पिक

समाचार पत्र, पत्रिका या डिजिटल मीडिया में प्रकाशित आपके कार्य की खबरें। यदि आपके पास वीडियो लिंक हैं, तो उन्हें एक पी.डी.एफ फाइल में लिखकर यहाँ अपलोड करें।

**उदाहरण** — समाचार_कवरेज

### पुरस्कार प्रमाण पत्र

वैकल्पिक

यदि पूर्व में कोई राज्य या राष्ट्रीय स्तर का पुरस्कार या सम्मान प्राप्त हुआ हो, तो उसका प्रमाण पत्र यहाँ संलग्न करें।

**उदाहरण** — पुरस्कार_प्रमाण

**चरण 05**

## नामांकनकर्ता विवरण

अनुशंसाकर्ता की जानकारी

**नोट:** यदि आपने ‘स्व-नामांकन’ चुना है तो यह चरण स्वतः छोड़ दिया जाएगा। यह केवल ‘अन्य’ या ‘संस्था’ नामांकन के लिए भरना है।

### नामांकनकर्ता की जानकारी

**नामांकनकर्ता का नाम** — अनिवार्य

जो व्यक्ति यह नामांकन प्रस्तुत कर रहा है उसका पूरा नाम।

**उदाहरण** — सुरेश पाण्डेय

**मोबाइल नंबर** — अनिवार्य

नामांकनकर्ता का संपर्क नंबर।

**उदाहरण** — +91 7428730894

**ईमेल** — अनिवार्य

नामांकनकर्ता का ईमेल पता।

**उदाहरण** — samratvikramadityasamman@gmail.com

**पता** — अनिवार्य

नामांकनकर्ता का पूरा डाक पता।

**उदाहरण** — 45, विद्यानगर, इंदौर, मध्यप्रदेश — 452001

**अनुशंसा नोट** — अनिवार्य

आप इस उम्मीदवार को क्यों अनुशंसित कर रहे हैं, यह अपने शब्दों में लिखें। व्यक्तिगत जानकारी और अनुभव साझा करें।

**उदाहरण** — मैं रमेश जी के कार्य को पिछले 10 वर्षों से जानता हूँ। उनके शिक्षा अभियान ने हमारे जिले में साक्षरता दर 30 प्रतिशत बढ़ाई है।

चरण
06

## घोषणा

सहमति एवं डिजिटल हस्ताक्षर

**अंतिम चरण**

### सहमति एवं घोषणा

अनिवार्य

आप घोषित करते हैं कि भरी गई सभी जानकारी सत्य है। यह सहमति देना अनिवार्य है।

**उदाहरण** — चेकबॉक्स पर टिक करें

### डिजिटल हस्ताक्षर

अनिवार्य

अपना पूरा कानूनी नाम टाइप करें। यही आपके आधिकारिक हस्ताक्षर के रूप में स्वीकार किया जाएगा।

**उदाहरण** — रमेश कुमार शर्मा

---

**मार्गदर्शिका पढ़ ली है? अब आत्मविश्वास के साथ नामांकन प्रपत्र भरें।**

अंतिम तिथि **20 मई 2026** है — अंतिम दिन तक प्रतीक्षा न करें।